आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 06.01.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– अंकिता भंडारी प्रकरण में कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का किया जा रहा प्रयास। सरकार हर तरह की जांच को तैयार।
- पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने देहरादून में पशुपालन विभाग और कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने भट्टाफॉल के समीप ग्रामोत्थान परियोजना के तहत वे–साइड एमेनिटीज़ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।
- टिहरी जिले के नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया।

**मुख्यमंत्री / अंकिता प्रकरण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाना, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इस दिशा में सरकार ने पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया है। आज सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अंकिता भंडारी प्रकरण पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सशक्त और प्रभावी न्यायालयीय पैरवी के परिणामस्वरूप तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी गंभीरता से अपने निष्कर्ष तक पहुंच चुकी है और दोषियों को कड़ी सजा मिल चुकी है। सीबीआई जांच के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की जांच से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे खुद अंकिता के माता–पिता से बात करेंगे और उनकी भावनाओं, पीड़ा और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ही आगे कोई निर्णय लिया जाएगा।

**मुख्यमंत्री / बीआईएस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस ने बीते आठ दशकों में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर गुणवत्ता ही पहचान के मंत्र को साकार किया है। बीआईएस के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआईएस द्वारा मानकीकरण, प्रमाणीकरण और गुणवत्ता परीक्षण के माध्यम से न केवल उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया गया है, बल्कि उपभोक्ताओं के जीवन में भरोसे और सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि बीआईएस सतत विकास के लक्ष्य के अनुरूप पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में सराहनीय योगदान दे रहा है।

**नियुक्ति पत्र**

पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आज देहरादून विधानसभा परिसर में पशुपालन विभाग के नव–नियुक्त पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारियों और कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग से चयनित 37 कार्यदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पशुपालन और कौशल विकास जैसे विभाग सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और स्वरोजगार से जुड़े हैं। इन नियुक्तियों से न केवल विभागों को मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रदेश के पशुपालकों, युवाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था को भी नई ऊर्जा

मिलेगी। पशपालन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास है कि योग्य युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से समय पर अवसर मिलें और प्रदेष का हर युवा अपने हुनर और सेवा से राज्य निर्माण में सहभागी बने।

**गणेश जोशी/शिलान्यास**

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून जिले के भट्टा फॉल के समीप ग्रामोत्थान परियोजना– रीप के अंतर्गत एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के वे–साइड एमेनिटीज यानी सड़क किनारे सुविधाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुवाखोली क्षेत्र में भी वे–साइड एमेनिटीज़ खोला जाए, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। ग्राम्य विकास मंत्री ने वे–साइड एमेनिटीज के साथ ही महिलाओं द्वारा संचालित रेस्टोरेंट का निर्माण करने पर जोर दिया, ताकि महिला समूहों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों को स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा और महिलाओं को स्थायी रोजगार प्राप्त होगा।

**जन–जन की सरकार**

टिहरी जिले में नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, दुआधार में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत आज बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन सहित कई अन्य विभागों ने स्टॉलों के माध्यम लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद के उपाध्यक्ष सुभाष बर्थवाल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान उन्हीं की न्याय पंचायत में करना, सरकार का उद्देश्य है। शिविर में लोगों की 17 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

**विधायक चैम्पियनशिप ट्रॉफी**

चम्पावत जिला मुख्यालय के गौरलचौड़ मैदान में आज से चार दिवसीय विधायक चैम्पियनशिप ट्रॉफी की शुरुआत हो गई है। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी जसवंत खड़ायत ने बताया कि प्रतियोगिता में खो–खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, पिट्ठु और मुर्गा झपट सहित विभिन्न खेल आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर–14 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़ में पहले स्थान पर रहे हिमांशु कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिता में पहुंचना उनका लक्ष्य रहेगा।

**जिलाधिकारी निरीक्षण**

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने आज जाखणीधार ब्लॉक के मदन नेगी में केंद्रीय विद्यालय स्कूल संचालन को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। विद्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि पर भवन बनने तक वैकल्पिक व्यवस्था पर स्कूल के संचालन के लिए पूर्व में संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के भवन को तैयार किया गया है। इस मौके पर जाखणीधार ब्लॉक प्रमुख राजेश नौटियाल ने स्कूल संचालन के लिए संस्थान के आवासीय भवन में चार अतिरिक्त कक्ष ठीक करवाने, ट्रांसफार्मर हटाने और बिजली लाइन शिफ्ट करने की बात कही गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्ईवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के स्कूल भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही गतिमान है।